

## एक नजर में

### नूतन विद्यालय नीमच में बालिकाओं को बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूक किया



**नीमच।** किशोर न्याय बोर्ड नीमच की प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट अंकिता गुप्ता व सदस्य ज्योति बैंस व विश्वास खंडेलवाल द्वारा नूतन विद्यालय नीमच मे बालिकाओ को बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूक किया। बाल विवाह कानूनी अपराध है। इस पर दो वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये के जुर्माने का प्रावधान है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार विवाह के लिये वधू की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। इससे कम आयु की शादी बाल विवाह की श्रेणी मे आती है। साथ ही यह भी बताया की उक्त शिकायत देने वाले रिश्तेदार, पड़ोसी या अन्य लोगो का नाम गोपनीय रखा जाएगा। इस तरह की शिकायत चाईल्ड लाईन नंबर 1098 के अलावा 181 पर भी कर सकते हे बाल विवाह को सुन्य कराया जा सकता हे पर यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस याचिका को दायर करने की एक समय सीमा है। यह याचिका बच्चे के वयस्क होने के दो साल बाद तक ही दाखिल की जा सकती है। लड़कियों के लिए, उनकी शादी को रद्द करने के लिए ऐसी याचिका केवल 20 साल की उम्र तक और लड़कों के लिए 23 साल की उम्र तक दायर की जा सकती है।

### बेसुध मिला युवक, डॉक्टर ने बताया मृत, इंदिरा नगर में हुई घटना



**नीमच।** नीमच सिटी थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में जय जिनेंद्र रिसॉर्ट के पास एक 23 वर्षीय युवक की मौत का मामला सामने आया है। युवक बेसुध पड़ा मिला था, जिसे परिजन जिला चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान विशाल पिता मदनलाल माली (23 वर्ष) निवासी लखमी, थाना बघाना के रूप में हुई है, जो वर्तमान में इंद्रानगर में रह रहा था। युवक के बेसुध मिलने की सूचना पर मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। तत्काल उसके भाई को घटना की जानकारी दी गई। परिजन युवक को आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सिटी पुलिस ने शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कारणों से हुई इस मौत के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने और पुलिस की गहन जांच के बाद ही हो पाएगा।

### नीमच में बाल विवाह रोकथाम संबंधी कार्यशाला



**नीमच।** जिला मुख्यालय नीमच में महिला एवं बाल विकास विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक श्री राजेश मेहरा की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम हेतु विभागीय अमले की उन्मुखीकरण सह कार्यशाला जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में गुरूवार को आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया, कि उन्मुखीकरण कार्यशाला में संयुक्त संचालक श्री राजेश मेहरा ने विभागीय अमले को कंट्रोल रूम संचालन, उड़नदस्तों का गठन, क्षेत्र के नियमित भ्रमण, सूचना पर त्वरित कार्यवाही तथा बाल विवाह रोकथाम हेतु सूचना तंत्र को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। संयुक्त संचालक ने नीमच जिले से डिजाइन किए बाल विवाह रोकथाम के स्टीकर को भी लॉन्च किया।

### नीमच जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया



**नीमच।** देश व प्रदेश के साथ ही नीमच जिले मे भी श्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती 31 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। संयुक्त कलेक्टर कार्यालय भवन में अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश ने अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की सामुहिक शपथ दिलाई। इस मौके पर राजस्व, कलेक्टोरेट, तहसील, जनसम्पर्क, पुलिस खाद्य, कृषि, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण की। इस मौके पर एसडीएम श्री संजीव साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिंह धार्वे, श्री पराग जैन व अन्य जिला अधिकारी तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिले में 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**नीमच।** जिला मुख्यालय नीमच तथा तहसील मुख्यालय मनासा, जावद एवं रामपुरा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की चौथी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर, 2025 शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में नीमच, मनासा, जावद एवं रामपुरा के न्यायालयों में विचाराधीन समझौता योग्य समस्त दाण्डिक, सिविल, विविध, मोटर दुर्घटना दावा, विद्युत अधिनियम, नगरपालिका, नगर पंचायतों, श्रम, बैंक इत्यादि के प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह और समझौते द्वारा किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती शोभना मीणा ने पक्षकारों से आग्रह किया है, कि उपरोक्त श्रेणी के समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराने हेतु अपने अभिभाषकों से सम्पर्क कर, सम्बन्धित कार्यालयों में सहमति प्रस्तुत करें।

# नपा बैठक में पार्षदों के बीच तीखी नोक-झोंक

**▶ राष्ट्रीय मुद्दों, भ्रष्टाचार और माइक पर धमकी को लेकर हंगामा**



**नीमच। नीमच नगर पालिका परिषद की बैठक में भारी हंगामा और तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। कांग्रेस पार्षदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाने के आदेशों को परिषद में लाने के बजाय जनता के हित के मुद्दों को उठाने की मांग की।**

कांग्रेस पार्षदों ने नपा अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा पर आरोप लगाया कि वह जनता की समस्याओं को परिषद में नहीं ला रही हैं, बल्कि स्वदेशी अपनाने की बातें कर रही हैं। इस पर भाजपा पार्षदों ने पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विदेशी वस्तुओं के उपयोग का मुद्दा उठाया। इस जुबानी जंग के साथ ही परिषद हॉल भाजपा पार्षदों के हर हर मोदी और कांग्रेस पार्षदों के वोट चोर गद्दी छोड़ के नारों से गूंज उठा।

#### इन मुद्दों पर भी हुई नोकझोंक हुई

इस बीच, निर्दलीय पार्षद राजेश लालवानी ने योजना क्रमांक 34 के भूखंड मामले में पूर्व कर्मचारी के भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस योजना में केवल पैसे वाले लोगों के काम हो रहे हैं, गरीब जनता के नहीं।

सभापति दारा सिंह यादव ने मांगलिक भवन की समस्या को लेकर नाराजगी जताई और कहा कि नगर पालिका में सभापति का पद कोई मायने नहीं रखता। नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति अपना माइक लेकर बैठक में पहुंचे और अपनी बात रखी, लेकिन नपा अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा कथित तौर पर कांग्रेस पार्षदों की समस्याओं को हंसकर टालती रहीं।

विवाद तब और बढ़ गया जब योगेश प्रजापति ने पार्षद वीरेंद्र पाटीदार को माइक दिया। अध्यक्ष ने उन्हें तुरंत माइक रखने को कहा और शासकीय कार्य में बाधा की कार्रवाई करने की धमकी दी। अध्यक्ष द्वारा पार्षद को इस तरह डराए जाने की बात पर हंगामा तेज हो गया।

#### ऐसे शुरू हुई बहस

नपा अध्यक्ष ने जब पार्षद कुसुम जोशी और अशोक जोशी को बीच में बोलने से रोका, तो अशोक जोशी ने अध्यक्ष के पति के बैठक में आने का सवाल उठाकर माहौल और गरमा दिया। अंत में, निर्दलीय पार्षद रामचंद्र धनगर ने योगेश प्रजापति से माइक लेकर बाहर जाने को कहा, जिसके बाद दोनों पार्षदों के बीच तीखी बहस हुई और बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई।




## एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर हुआ छात्र संवाद का आयोजन

**मनासा। छत्रपति शिवाजी सभागृह मनासा में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय को लेकर छात्र संवाद का आयोजन हुआ।**

जिसमें अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ रोहिन राय ने छात्रों से संवाद किया उन्होंने बार बार होने वाले चुनाव के नुकसान के बारे में बताया कि किस प्रकार एक चुनाव में प्रशासन का कितना खर्च होता है, ओर देश में हर वर्ष एक राज्य में कोई न कोई चुनाव होता है। लगभग 1लाख 35हजार करोड़ रुपए का खर्च पिछले 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए खर्च हुआ अगर सारे चुनाव एक साथ किए जाए तो कितना पैसा देश के विकास कार्यों में लगेगा। उन्होंने बताया कि देश में एक चुनाव प्रणाली लागू होना चाहिए जिससे देश पर चुनाव में होने वाले आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने भी छात्रों को संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महेंद्र भटनागर, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अश्विन सोनी, जिला महामंत्री नरेंद्र मालवीय मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक रवि पाटीदार ने किया एवं आभार लोकेश चांगल ने माना।

## सरदार पटेल स्वदेशी के प्रबल हिमायती रहे : सांसद सुधीर गुप्ता

**▶ राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' का हुआ भव्य आयोजन**



**मंदसौर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिले में शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। दौड़ का शुभारंभ बीपीएल चौराहा स्थित सरदार पटेल प्रतिमा स्थल से किया गया, जिसे सांसद सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पूर्व विधायक सिसोदिया, कलेक्टर अदिति गर्ग एवं एसपी विनोद मीना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

दौड़ सरदार पटेल चौराहा से पीजी कॉलेज ग्राउंड तक संपन्न हुई, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी, पुलिसकर्मी, एनसीसी, एनएसएस सदस्य एवं आमजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि सरदार पटेल स्वदेशी के प्रबल समर्थक थे, हमें अपने जीवन में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'रन फॉर यूनिटी' देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति समर्पण की भावना का प्रतीक है।

कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा सांसद गुप्ता ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई।

## गरनाई के शासकीय स्कूल में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई




**मन्दसौर। सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के उपलक्ष में शासकीय माध्यमिक विद्यालय गरनाई में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया सबसे पहले मां सरस्वती की वंदना कर सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।**

इसके पश्चात सरदार वल्लभ भाई पटेल के अनमोल वचनों व उनके जीवन एवं उनके कार्यों को शाला के प्रत्येक बच्चों के द्वारा बारी बारी से अपने विचारों के माध्यम से व्यक्त किया गया। इसके पश्चात शाला की प्रधानाध्यापिका एवं सहायक शिक्षिका श्रीमती ललिता सिसोदिया के द्वारा सभी बच्चों को एकता दिवस की शपथ दिलाई गई तथा भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अपने जीवन को समर्पित करने का संकल्प लिया।

इसके पश्चात श्रीमती ललिता सिसोदिया के द्वारा भी सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बारे में बच्चों को समझाया कि 31 अक्टूबर के दिन सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म हुआ था सरदार पटेल एक महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री थे उन्हें भारत का लोह पुरुष भी कहा जाता है क्योंकि उन्होंने राजा महाराजाओं की रियासतों को भारत में एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 में हुआ था इस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है इस प्रकार से में बड़ी हर्षोल्लास और आनन्द के साथ में आज सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर बच्चों ने बहुत ही आनंद के साथ में मनाया एवं अंत में शाला की साथी शिक्षिका द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## जिले में 1 नवम्बर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

**▶ कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम मंदसौर में प्रात: 11:00 बजे से होंगे कार्यक्रम**

**मंदसौर। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन 1 नवम्बर को कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया जाएगा। यह जानकारी अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 11 बजे अतिथियों के आगमन से होगा।**

इसके पश्चात 11:10 बजे मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं 11:20 बजे मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन किया जाएगा। 11:30 बजे स्वागत भाषण तथा 11:40 बजे मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधन होगा।

कार्यक्रम में 12:00 बजे से 12:20 बजे तक आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएंगी, जिनमें कत्थक नृत्य एवं लोकगीतों की मनमोहक झलक देखने को मिलेगी।

इसके साथ ही 12:20 से 12:30 बजे तक सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें विशेषज्ञ हृदय गति रुकने पर प्राथमिक उपचार (सीपीआर) की प्रक्रिया और महत्त्व के बारे में जानकारी देंगे। दोपहर 12:30 बजे बेहतरीन कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।

**एक नजर** | **भाटखेड़ा डूंगलावदा शहरी हाइवे पर अपोर्च रोड पर**

# पुराना रोड खोदकर डामर के बड़े सलाट वेस्ट मटेरियल डालने से आम राहगीर परेशान



**नीमच। शहर मे निर्माणधीन सिटी हाईवे पर अभी कंस्ट्रक्शन कार्ड चल रहा है जिस पर दोनों साइड रोड को खोद कर एप्रोच रोड बनाकर बायपास दिया जा रहा है अप्रोच रोड बनाने पर रोड के डामर को खोद कर वापस रोड की साइड में डाला जा रहा है इसमें डामर के बड़े-बड़े सलाठ है और गिट्टी के बड़े-बड़े टुकड़े हैं जिससे रास्ते में आने वाले राजगीरों को काफी ज्यादा परेशानी हो रही है।**

रोड पर सलाट ऊंचा नीचा होने से डामर के टुकड़े कई बार छोटी गाड़ियों के चेंबर से टकरा रहे हैं जिससे लोगों के चेंबर में नुकसान हुआ है बाइक वाले और टेंपो वाले को भी काफी परेशानी झेलना पड़ रही है बीते दिवस मंडी के दो टेंपो फस गए थे जिससे घटा दो घंटा जाम लग रहा ऐसी स्थिति में ठेकेदार द्वारा जानबूझ कर गलत मटेरियल जो नहीं डालना चाहिए उसको डाला जा रहा है जावद फंटे से ग्वालटोली रोड तक यही स्थिति है बारिश के मौसम में असमय बारिश होने से भी राहगीरों के वाहन फंस रहे हैं कनावटी निवासी गोपाल जी महेंद्र सिंह अनिल सिंह ने बताया कि कि हम रोज बच्चों को स्कूल छोड़ने जाते हैं तो सड़क ऊंची नीची और गड्ढे ज्यादा होने से कल भी हमारे कार का चेंबर नीचे टच हो गया था जिसे रिपेयर करवाने मे भारी नुकसान उठाना पड़ा।

डामर की सलाटे उलटी टेढ़ी मेडी डाल रखी है जिससे गड्ढे ज़्यदा हो गये सही तरीके से नाही कोइ सकेंतक लगा रखे है नही कोइ बेरीकेट्स इससे गाड़ी को नुकसान हो रहा है इस रोड पर सभी प्रशासनिक अधिकारी पर कलेक्टर ऑफिस से सभी अधिकारी और आम व्यक्ति इसी रोड से गुजरता हे अपोर्च रोड की स्थिति ख़राब होने पर कोइ भी अधिकारी धयान नही दे नाम नही छापने की शर्त पर रोड कंस्ट्रक्शन से जुड़े अधिकारी ने बताया की ठेकेदार को अपोर्च बाईपास रोड बनाने मे नया हार्ड मटेरियल लाकर डालना चाहिए। जबकि अधिकारियो क्रे श्रय क्रे चलते बेकार मटेरियल डाल कर राहगीरों को परेशान होना पड़ रहा हे ठेकेदार पैसे बचा रहा हे सड़क निगम से जुड़े अधिकारियो को देख कर सही मटेरियल डालावा कर सही अपोर्च रोड बनवाना चाहिए जिससे आम व्यक्ति परेशान नही हो रोड पर ट्रैफ़िक सही चलता रहे।

#### इनका कहना है

अभी बेमौसम बारिश की वजह से कीचड़ की वजह से ऐसी स्थिति बनी हे जल्दी रोलर दुवारा मटेरियल को दबा कर आवागमन सही चले वह प्रयास किया जायेगा।

**- भवरराज मेवाड़ा, रोड मैनेजर**

अभी अस्थाई रूप से अप्रोच रोड बनाया जा रहा हे बारिश की वजह से भी कीचड व परेशानी हुई हे ठेकेदार को बोलकर सही अपोर्च रोड बनावाते हे जिससे आम जन परेशान नही हो।

**- राहुल बर्डे, सड़क विकास निगम मैनेजर।**